**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–07.05.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों की वीरता और सटीकता की प्रशंसा की, कहा – ऑपरेशन के दौरान आम नागरिकों को नहीं हुआ कोई नुकसान।**
2. **ऑपरेशन सिंदूर पर झारखंड में दिखा जोश और समर्थन, राज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने सेना की कार्रवाई को सराहा।**
3. **नागरिक सुरक्षा के मद्देनजर रांची समेत पांच जिलों के छह स्थानों में किया गया मॉक ड्रिल, प्रशासनिक अधिकारियों ने नागरिक सुरक्षा के लिए दिए जरूरी दिशा–निर्देश।**
4. **वक्फ संशोधन विधेयक पर रांची में मौलाना रसीदी की सफाई, कहा– विधेयक को लेकर विपक्षी दल मुस्लिम समाज में फैला रहे हैं भ्रम।**

**और**

5. **खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन, अब तक 3 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक जीते।**

**समाचार विस्तार से**

*******************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी वीरता और साहस का परिचय देकर इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन के दौरान सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ काम किया और योजनाबद्ध रणनीति के अनुसार निर्धारित लक्ष्य नष्ट कर दिया। श्री सिंह ने नई दिल्ली में छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में सीमा सड़क संगठन की 50 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। रक्षा मंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों ने यह सुनिश्चित करके संवेदनशीलता दिखाई है कि ऑपरेशन के दौरान कोई भी आम नागरिक प्रभावित नहीं हुआ है।

*******************

ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद झारखंड सहित देशभर में भारतीय सेना की प्रशंसा हो रही है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत अन्य नेताओं ने सेना को सलाम किया है।

*******************

ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया देते हुए जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा कि भारत ने आतंकी हमले का सटीक और कड़ा जवाब देकर जनता की भावना का सम्मान किया है। वहीं, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने **ऑपरेशन सिंदूर** को भारतीय सेना की गर्वजनक कार्रवाई बताया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद सेना ने पीओके में आतंकी ठिकानों को नष्ट कर माकूल जवाब दिया है।

इधर, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने भी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री मोदी और सेना को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ थी, जिसने भारत की प्रतिष्ठा को और ऊंचा किया।

*******************

नागरिक सुरक्षा के मद्देनजर रांची समेत पांच जिलों के छह स्थानों पर आज दोपहर बाद आपात स्थिति से निपटने को लेकर मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान पुलिस, अग्निशमन, एंबुलेंस और एनडीआरएफ की टीमें सक्रिय रहीं। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि ड्रिल में युद्ध और आतंकी हमले जैसी परिस्थितियों से निपटने का अभ्यास किया गया। प्रशासन की ओर से लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार जरूरी घोषणाएं की गयीं।

इधर, बोकारो में भी तीन जगहों पर मॉक ड्रिल किया गया। मौके पर आम लोगों को युद्ध के समय उत्पन्न स्थिति में खुद के बचाव की जानकारी दी गयी।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के आंदोलनकारी कपूर कुमार टुडू के निधन पर सरायकेला–खरसावां जिले के चिलगू–चाकुलिया स्थित उनके पैतृक आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि कपूर टुडू का झारखंड आंदोलन में अहम योगदान रहा और उनका जीवन सामाजिक सरोकारों से जुड़ा रहा।

*******************

अखिल भारतीय इमाम एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना साजिद रसीदी ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने वाला है। रांची में आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने विपक्षी दलों पर मुस्लिम समाज में भ्रम फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि  वक्फ संशोधन विधेयक से बोर्ड की संरचना में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

******************

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक उज्ज्वला योजना ने जरूरतमंद परिवारों के बीच बड़े पैमाने पर बदलाव लाया है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

रांची रेल मंडल के अंतर्गत चार लेन वाले  सिरमटोली, सड़क सह रेल ऊपरी पूल निर्माण कार्य को लेकर कई ट्रेनें मई महीने में रद्द रहेंगी। 14 से 30 मई के बीच हटिया–टाटानगर, रांची–बोकारो, हटिया–सांकी और रांची–हावड़ा रूट की छह प्रमुख ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। यात्रियों से वैकल्पिक व्यवस्था अपनाने और यात्रा से पहले समय सारणी की जानकारी लेने की अपील की गई है।

******************

**अब कुछ संक्षिप्त खबरें–**

- झारखंड मुक्ति मोर्चा पाकुड़ जिला कमिटी की बैठक में जिलाध्यक्ष एजाजुल इस्लाम की अध्यक्षता में निर्णय लिया गया कि सरना धर्म कोड लागू किए बिना जाति जनगणना का विरोध किया जाएगा। इसके तहत 9 मई को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।
- खूंटी जिले के अड़की प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की लगातार अनुपस्थिति से मरीजों को परेशानी हो रही है। सिविल सर्जन नागेश्वर मांझी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।
- साहिबगंज में एक दुकानदार की हत्या मामले में पुलिस ने एक शूटर को गिरफ्तार किया। एसपी अमित कुमार सिंह ने जानकारी दी कि शूटर के पास से देसी पिस्टल, गोलियां, और अन्य सामग्री बरामद की गई हैं
- विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कल सरायकेला में रक्तदान और मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम में  उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने आम लोगों से भाग लेने की अपील की है।

******************

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड ने तीसरे दिन विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक 3 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक जीते हैं। गया में आयोजित गतका प्रतियोगिता में झारखंड बालिका टीम ने महाराष्ट्र को 81–43 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि बालक वर्ग में कांस्य पदक मिला। भागलपुर में तीरंदाजी स्पर्धा में दिव्यांशु ने रजत और तमन्ना वर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। ट्रैक साइक्लिंग के 200 मीटर स्पर्धा में विकास उरांव ने रजत और सबीना कुमारी ने कांस्य पदक हासिल किया। महिला हॉकी में झारखंड टीम ने महाराष्ट्र को 4–0 से हराकर जीत के साथ शुरुआत की, जबकि पुरुष हॉकी टीम को हरियाणा से 5–4 से पराजय मिली।

**************